## जरूरी खबरें

### स्वतंत्रता सेनानी स्व. प्रभाष चंद्र की धर्मपत्नी सम्मानित



**जमशेदपुर.** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. प्रभाष चंद्र ठाकुर की धर्मपत्नी सरोजा देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित भी किया गया.

### खड़ंगाझार में रामदास सोरेन की प्रतिमा का अनावरण आज

**जमशेदपुर.** झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की पहली पुण्यतिथि पर टेल्को के खड़ंगाझार स्थित झंडा चौक पर शनिवार को उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा. झामुमो जिला कमेटी के कार्यालय सचिव प्रीतम हेंब्रम ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रतिमा का अनावरण करेंगे, हालांकि जिला प्रशासन की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है. वहीं, सुबह 11:30 बजे साकची स्थित झामुमो संपर्क कार्यालय में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा. इसके अलावा झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

### जमशेदपुर पूर्वी के 32 सेंटरों पर आज लगेगी वोटर सभा

**जमशेदपुर.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त 2026 (शनिवार) को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा 48 निर्वाचन क्षेत्र के 32 विभिन्न स्थानों पर 'विशेष निर्वाचन आम सभा' का आयोजन किया जा रहा है. धालभूम एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अर्णव मिश्रा ने बताया कि सभा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जायेगी. सभा का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, सुधार कराने, निबंधन कराने तथा अपने पोलिंग बूथ (मतदान केंद्र) से जुड़ी आवश्यक जानकारियां देना है. निर्धारित 32 केंद्रों पर प्रशासनिक पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे, जो नागरिकों से सीधे संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे.

### घाघीडीह जेल से रिहा होंगे हत्याकांड के 7 आरोपी
### प्रेमिका की गला काटने वाला गोलू भी होगा रिहा

**जमशेदपुर.** स्वतंत्रता दिवस पर राज्य की विभिन्न जेलों में हत्या के मामलों में सजा काट रहे 26 बंदियों को रिहा किया जायेगा. झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में निर्णय लिये जाने के बाद गृह, कारा और आपदा विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है. इनमें रांची के होटवार जेल में बंद सोनारी स्थित नवरंग मोहल्ला निवासी बिजेंद्र कुमार उर्फ गोलू भी है. वह रांची के संत जेवियर कॉलेज परिसर में प्रेमिका (छात्रा) की गला काटकर हत्या के मामले में सजा काट रहा है. वहीं, घाघीडीह केंद्रीय कारा में बंद हत्या के सात सजायाफ्ता बंदियों को भी रिहा किया जायेगा. इनमें बिरसानगर जोन नंबर-7 निवासी काजल मांझी, ईचागढ़ के मातकमडीह निवासी लखन महतो, पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर निवासी सोमा सिंकू, कदमा टैंक रोड लोकनाथपथ निवासी अशोक दास, सीतारामडेरा ह्यूमपाइप बस्ती निवासी दारा भुइयां, चांडिल गांगूडीह निवासी राजेश लोहार और खरसावां निवासी अशोक महतो शामिल है.

**2011 में जेवियर कॉलेज परिसर में की थी प्रेमिका की हत्या:** बिजेंद्र कुमार उर्फ गोलू वर्ष 2011 में रांची में दर्ज हत्या के मामले में होटवार जेल में बंद है. आरोप के अनुसार, उसने संत जेवियर कॉलेज परिसर में घुसकर अपनी प्रेमिका की गला काटकर हत्या कर दी थी. निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनायी थी. बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया.

## स्वतंत्रता दिवस : गोपाल मैदान में होगा मुख्य समारोह
# डीसी फहरायेंगे तिरंगा

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

स्वतंत्रता दिवस पर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की ओर से मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी राजीव रंजन सुबह 9:05 बजे तिरंगा फहरायेंगे और परेड की सलामी लेंगे. परेड में रैपिड एक्शन फोर्स (आएएफ), जिला आर्म्स पुलिस (महिला व पुरुष), झारखंड होमगार्ड, एनसीसी (महिला व पुरुष), भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की टुकड़ियां भाग लेंगी. वहीं, स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी. इसके अलावा, जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला प्रशासन और प्रेस प्रतिनिधियों के बीच एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन होगा.

### कब-कहां फहराया जायेगा तिरंगा

- सुबह 8 बजे : उपायुक्त के आवासीय कार्यालय
- सुबह 8 बजे : टाटा स्टील वर्क्स मेन गेट
- सुबह 8 :30 बजे : टेल्को सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम
- सुबह 9 बजे : मानगो निगम कार्यालय
- सुबह 9 :05 बजे : मुख्य समारोह स्थल (गोपाल मैदान, बिष्टुपुर)
- सुबह 10 :15 बजे : डीसी ऑफिस
- सुबह 10 :30बजे : एसएसपी कार्यालय
- सुबह 10 :45 बजे : धालभूम अनुमंडल कार्यालय
- सुबह 11बजे : पुलिस केंद्र, गोलमुरी
- सुबह 11 :05 : जेएनएसी कार्यालय
- सुबह 11 :15बजे : रेड क्रॉस सोसाइटी

### देशभक्ति रंग में रंगा शहर, सांस्कृतिक संध्या में गूंजे तराने

**जमशेदपुर .** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन की ओर से सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया . स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया और पूरे माहौल को राष्ट्रप्रेम के उल्लास से सराबोर कर दिया . हॉल तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता के जयकारों से गूंज उठा . समारोह में उपायुक्त राजीव रंजन, उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान, धालभूम एसडीएम अर्नव मिश्रा, जेएनएसी नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद, एडीसी आदि उपस्थित थे .

### आज बंद रहेंगी मीट-मछली की दुकानें, आदेश जारी

**जमशेदपुर.** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले में शुक्रवार को मांस, मछली और चिकन की बिक्री पर पूरी तरह रोक रहेगी. नगर निकायों ने इस दिन सभी बूचड़खानों, मीट-मछली की दुकानों और पोल्ट्री सेंटरों को बंद रखने का फरमान जारी किया है. जेएनएसी और मानगो नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, यदि कोई दुकानदार चोरी-छिपे या खुलेआम दुकान खोलता है, तो उस पर कार्रवाई होगी. अवैध रूप से खुली पायी गयी दुकान को ऑन-द-स्पॉट सील कर दिया जायेगा.

### आज सुबह 6 बजे से रहेगी नो इंट्री

**जमशेदपुर.** स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार 15 अगस्त की सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक नो इंट्री रहेगी. इस दौरान शहर में भारी वाहनों के परिचालन पर जिला प्रशासन की ओर से रोक लगायी गयी है. इस संबंध में बुधवार को उपायुक्त, एसएसपी और ट्रैफिक डीएसपी ने संयुक्त निर्देश जारी किया है.


**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

एसबीआई गृह ऋण केन्द्र, जमशेदपुर
प्रथम तल, जमशेदपुर शाखा भवन, बिष्टुपुर,
जमशेदपुर–831001

**वाहन की बिक्री (दिनांक: 24.08.2026) नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

**भारतीय स्टेट बैंक** ने हमारी शाखा के ऋण खाते में हाइपोथेकेशन समझौते के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित वाहनों को बैंक के बकाया की वसूली के लिए **''जैसा है जहां है''**, **''जैसा है जो है''**, **''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचने के अधिकार के साथ अपने कब्जे में ले लिया है।

| क्र.सं. | कर्जदार का नाम | निर्माता | मॉडल | रजिस्ट्रेशन वर्ष | रजिस्ट्रेशन सं. | आरक्षित मूल्य (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री सुरज कुमार साहा | HONDA CARS INDIA LTD. | Car Honda Amaze 1.2 VXMT ( I- VTEC) | 2023 | JH-05-DL-1664 | रु. 4,03,000.00 |
| 02 | श्री ललित कुमार राणा | KIA INDIA PVT. LTD. | KIA Carens G 1.5 GMT Prestige 07 | 2025 | JH-05-DZ-0115 | रु. 8,76,000.00 |
| 03 | श्री नरेश कुमार जैन | MARUTI INDIA LTD. | Maruti ECCO 5 Star AC | 2024 | JH-05-DQ-1029 | रु. 3,51,000.00 |
| 04 | श्री ध्रुब प्रसाद सिंह | MG MOTOR INDIA PVT. LTD. | MG Astor ZS VTI-Tech MT Sharp | 2023 Nov. | JH-22-H-9100 | रु. 5,33,000.00 |
| 05 | श्री सुशील होरो | HYUNDAI | Hyundai Creta 1.5 MPIMT SX | 2023 | JH-05-DZ-1578 | रु. 10,47,000.00 |
| 06 | श्री अमित कुमार सिंह | MARUTI INDIA LTD. | Maruti XL6 Smart Hybride Zeta | 2025 | JH-05-DZ-3987 | रु. 11,35,000.00 |

**ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें:**

1. **ई–नीलामी की तिथि : 24.08.2026 (सोमवार), समय : 360 मिनट सुबह 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के विस्तार के साथ।**
2. ई–नीलामी, पोर्टल / वेबसाइट : **https://baanknet.com** के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
3. बोलीदाताओं को अपने मोबाइल सं. एवं ईमेल–आईडी का उपयोग करके इस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा, उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करना होगा जो सत्यापित हो जाते हैं (2 कार्य दिवस लग सकते हैं), तो बोलीदाताओं को समय पर ईएमडी राशि एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी।
4. सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई ईएमडी को समायोजित करने के बाद, तुरंत यानी उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले, बिक्री मूल्य का 10% जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 90% बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले देय होगा।
5. किसी भी आवेदन को या पूरी नीलामी प्रक्रिया को निरस्त या अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।
6. संपत्ति / वाहन संबंधी पूछताछ / सत्यापन के लिए मोबाईल सं. **8102076901, 9031802451** पर संपर्क करें, संपर्क का समय : **सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य** बोलीदाताओं से अनुरोध है कि एसबीआई जमशेदपुर मुख्य शाखा, बिष्टुपुर के परिसर में कार्यालय समय के दौरान ई–नीलामी से पहले व्यक्तिगत रूप से संपत्ति / वाहन का सत्यापन कर लें।
7. बैंक द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र जारी करने के बाद जीएसटी, वाहन पंजीकरण शुल्क / खर्च स्वयं सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

दिनांक : 14.08.2026, स्थान : जमशेदपुर | प्रकाशन में किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेवार नहीं होगा। | ह०/– (प्राधिकृत अधिकारी) भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र जमशेदपुर









